कार्यालय जिला कलक्टर धौलपुर (राजस्थान)

क्रमांकःएनजीटी/248/2022/राजस्व/2022 / 738 दिनांकः–23/1/2023

मा0 नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल
प्रिन्सीपल बैंच नई दिल्ली

विषयः–माननीय एन0जी0टी0 प्रिंसीपल बैंच नई दिल्ली में दर्ज प्रकरण संख्या ओ.ए. 248/2022 में दिनांक 21.9.2022 को दिये गये निर्देशो/अभिशंषाओं की कियान्विति/प्रगति रिपोर्ट भिजवाने के कम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हिन्दु समाचार पत्र दिनांक 27.3.2022 में प्रकाशित शीर्षक **"Digging up the Chambal"** के आधार पर माननीय एन0जी0टी0 प्रिन्सीपल बैंच नई दिल्ली में दर्ज प्रकरण कमांकःओ.ए. 248/2022 में दिनांक 21.9.2022 को सुनवाई के दौरान एनसीएस क्षेत्र में अवैध रेत खनन को रोकने/नियन्त्रित करने हेतु जारी आदेश दिनांक 21.9.2022 की कियान्वित हेतु आयोजित बैठक के कार्यवाही विवरण, की गई कार्यवाही का विस्तृत नोट, सम्बन्धित विभागों के लिखे गये पत्रों, मौका रिपोर्ट आदि पत्र के साथ संलग्न कर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

संलग्न–उपरोक्तानुसार

1. उक्त प्रकरण में की गई कार्यवाही का नोट
2. माननीय एन0जी0टी0 प्रिंसीपल बैंच नई दिल्ली द्वारा उक्त प्रकरण में दिनांक 5.4.2022 को जारी आदेश (प्रदर्श–1)
3. माननीय एन0जी0टी0 प्रिंसीपल बैंच नई दिल्ली द्वारा उक्त प्रकरण में दिनांक 21.9.2022 को जारी आदेश (प्रदर्श–2)
4. मुख्य सचिव राजस्थान सरकार के पत्र दिनांक 10.5.2018 की प्रति (प्रदर्श–3)
5. मुख्य सचिव राजस्थान सरकार के परिपत्र दिनांक 9.2.2012 व 5.7.2021 की प्रति (प्रदर्श–4)
6. अति. मुख्य सचिव खान एवं पेट्रोलियम विभाग द्वारा दिनांक 13.1.2023 को चम्बल नदी के मौका रिपोर्ट की प्रति। (प्रदर्श–5)
7. दिनांक 16.1.2023 से 23.1.2023 तक सम्बन्धित विभागों द्वारा संयुक्त रूप से चलाये जाने हेतु जारी आदेश दिनांक 14.1.2023 की प्रति (प्रदर्श–6)
8. दिनांक 13.1.2023 को आयोजित समीक्षा बैठक के कार्यवाही विवरण की प्रति (प्रदर्श–7)।
9. सम्बन्धित विभागों को लिखे गये पत्रों की प्रति (प्रदर्श–8)।
10. खान विभाग जयपुर द्वारा विभिन्न विभागों को लिखे पत्रों की प्रति।
11. अखवार की कटिंग

जिला कलक्टर

राजस्थान सरकार

कार्यालय खनि अभियंता, खान एवं भ–ूविज्ञान विभाग धौलपुर (राज.)

क्रमांक :– खअ/धौल/माचि/बजरी/2022/135 दिनांक : 23/01/23

प्रेषित :–

श्री आर.आर. सिंह सैंगर
अधिशाषी अभियन्ता,
क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मण्डल,
हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, दीन दयाल नगर, ग्वालियर–474020
मध्य प्रदेश

विषय :– माननीय न्यायालय एन.जी.टी. नई दिल्ली के प्रकरण क्रमांक ओ0ए0 248/2022 (हिन्दू समाचार पत्र दिनांक 27.03.2022 में प्रकाशित शीर्षक **"Digging up the Chambal"** के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हिन्दू समाचार पत्र दिनांक 27.03.2022 में प्रकाशित शीर्षक "Digging up the Chambal" के आधार पर माननीय न्यायालय एन.जी.टी. नई दिल्ली में प्रकरण क्रमांक ओ0ए0 248/2022 दर्ज हुआ है।

माननीय न्यायालय एन.जी.टी. नई दिल्ली ने उक्त प्रकरण में दिनांक 21.09.2022 को आदेश जारी कर संयुक्त गठित कमेटी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट दिनांक 17.05.2022 में वर्णित सिफारिसों के अनुरूप कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। माननीय न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों की पालना में अब तक की गई कार्यवाही का एक नोट तैयार किया गया है। नोट एवं उसके साथ संलग्नक इस पत्र के साथ संलग्न कर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु आपकों भिजवाये जा रहे है।

संलग्नक :– उक्तानुसार

भवदीय

(मुकेश चन्द्र मंगल)
खनि अभियन्ता, धौलपुर

Note

द हिन्दु दिनांक 27.03.2022 में प्रकाशित शीर्षक 'Digging up the chambal'

1. माननीय एन.जी.टी. नई दिल्ली द्वारा विषयांकित समाचार के आधार पर प्रकरण संख्या ओ0ए0 248/2022 सुओ मोटो प्रकरण दर्ज किया गया।

2. माननीय एन.जी.टी. द्वारा आदेश दिनांक 05.04.2022 (प्रदर्श–1) DGF&SS, Wildlife, MOEF & CC, निदेशक राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य, सचिव खान, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश व राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की आठ सदस्यीय समिति का गठन किया गया। जिसमें मध्यप्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को समन्वय और अनुपालन के लिए नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया। समिति को बैठक कर, साइट का दौरा कर जलचर प्राणियों के पारिस्थितिक आवास क्षेत्रों (अधिसूचित अथवा बिना अधिसूचित) को बिना नुकसान के पुनर्भरण की संभावनाओं के संबंध में उपचारात्मक कार्य योजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया।

3. खान विभाग राजस्थान की ओर से अतिरिक्त निदेशक, खान कोटा–जोन, कोटा एवं अधीक्षण खनि अभियन्ता, भरतपुर–वृत, भरतपुर द्वारा बैठक दिनांक 17.05.2022 में अपनी उपस्थिति दी गई तथा राष्ट्रीय चम्बल अभ्यारण्य के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश में तहसील और जिला मुरैना के गाँव भानपुर में स्थित राजघाट नामक जगह पर चम्बल नदी के दाहिने किनारे पर जे.सी.बी. और लोडर का उपयोग करके लगातार अवैध रेत खनन किया जाना पाया गया।

4. उक्त कमेटी द्वारा उक्त निरीक्षण उपरान्त रिपोर्ट तैयार कर दिनांक 14.07.2022 को माननीय एन.जी.टी. में प्रस्तुत की गई।

5. माननीय एन.जी.टी. द्वारा आदेश दिनांक 21.09.2022 (प्रदर्श–2) से कमेटी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट एवं प्रस्तुत टिप्पणियों, वास्तविक स्थिति, एवं उनके द्वारा की गई अनुशंषा एवं कार्यवाही रिपोर्ट पर विचार कर रिपोर्ट से सहमत होकर कमेटी की अनुशंषाओं के अनुसार आगामी कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये।

6. माननीय एन.जी.टी. द्वारा अतिरिक्त मुख्य सचिव, खान तथा पर्यावरण विभाग, उत्तरप्रदेश राजस्थान और मध्यप्रदेश द्वारा उनकी अधिकारिता क्षेत्रों में उनकी देखरेख में अनुशंषाओं के अनुसार आगामी कार्यवाही किये जाने तथा उक्त अधिकारिगण आगामी सुनवाई तिथि दिनांक 24.01.2023 को वी.सी. के माध्यम से समस्या के निदान हेतु अधिकरण के सहयोग हेतु उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये।

7. राजस्थान राज्य में खनिज बजरी के अवैध खनन/अवैध निर्गमन को रोकने के लिये श्रीमान मुख्य सचिव, राजस्थान के पत्र दिनांक 10.05.2018 (प्रदर्श–3) से जिला कलक्टर धौलपुर की अध्यक्षता में एस.आई.टी. का गठन किया हुआ है। साथ ही राज्य सरकार के परिपत्र दिनांक 09.02.2012 एवं 05.07.2021 (प्रदर्श–4) के द्वारा वन/अभ्यारण्य क्षेत्रों में संबंधित वन विभाग द्वारा रोकथाम की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया हुआ है।

8. माननीय एन.जी.टी. नई दिल्ली द्वारा दिनांक 21.09.2022 को दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 11.10.2022 को जिला कलक्टर, धौलपुर की अध्यक्षता में लिये गये निर्णय की क्रियान्विति की समीक्षा हेतु दिनांक 13.01.2023 को जिला कलेक्ट्रेट धौलपुर में बैठक आयोजित की गई।

अतिरिक्त मुख्य सचिव (खान) विशेष आमंत्रित के रूप में उपस्थित रहें। बैठक में जिला कलेक्टर स्तर से गृह विभाग, वन विभाग, सूचना तकनिकी एवं संचार विभाग को एन. जी.टी. के आदेश दिनांक 21.09.2022 के क्रम में एवं विभिन्न ऑयल कम्पनिया/पेट्रोल पम्प संचालकों को बिना नम्बर प्लेट वाहनों का डीजल–पेट्रोल ना देने एवं पेट्रोल पम्प संचालकों द्वारा रजिस्टर संधारित करने बाबत् पत्र लिखा जाने हेतु निर्णय लिया गया। अवैध खनन कार्य में लिप्त लोगों की सम्पत्ति जब्त करने के निर्देश दिए। वन विभाग के अधिकारियों को सीसीटीवी कैमरे लगाकर अवैध खनन के संबंध में निगरानी करने एवं ड्रोन से सर्वे कर क्षैत्र में लगातार पेट्रोलिंग करने हेतु निर्देशित किया गया।

9. बैठक के पश्चात दिनांक 13.01.2023 (प्रदर्श–5) को अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय द्वारा विभाग के अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों के साथ चम्बल नदी क्षैत्र का मौका निरीक्षण किया गया। वक्त निरीक्षण राजस्थान सीमा की तरफ चम्बल नदी में किसी प्रकार का कोई बजरी खनन नहीं पाया गया।

मौके पर मध्यप्रदेश राज्य के जिला मुरैना की तरफ चम्बल नदी के तट पर जे. सी.बी. मशीनों की मदद से 40–50 ट्रैक्टरों द्वारा लाइन लगाकर बजरी को भरा जाना पाया गया पुलिस एवं खान विभाग की टीम को देखकर अवैधखननकर्ता द्वारा बैखोफ मुरैना–धौलपुर हाईवे पर बजरी खाली कर हाईवे को जाम करने का प्रयास किया तथा एक खाली ट्रैक्टर–ट्रोली चालक द्वारा राजकीय वाहनों को टक्कर मारने की हिम्मत भी की गई। मौके पर कानून व्यवस्था की स्थिती खराब होने पर टीम राजस्थान सीमा की तरफ लौट आई।

10. उक्त बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अवैध खनन पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु दिनांक 16 से 23 जनबरी 2023 तक संबंधित विभाग के अधिकारी/कार्मिक संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाये जावें। इस संबंध में जिला कलेक्टर धौलपुर द्वारा भी आदेश दिनांक 14.01.2023 (प्रदर्श–6) जारी कर दिया गया है। विभाग की तरफ से भी आवश्यक कार्मिकों की नियुक्ति कर दी गई है।

11. जिला कलक्टर, धौलपुर की अध्यक्षता में बैठक कार्यवाही दिनांक 13.01.2023 (प्रदर्श–7) में एन.जी.टी. आदेश दिनांक 21.09.2022 में दिये गये निर्देशों की क्रियान्विति के क्रम में बिन्दुवार निर्णय लिये गये।

12. बैठक में लिये गये निर्णयों की अनुपालना में बिन्दु संख्या 1, 2, 3, 5, 8, 9 एवं 11 के संबंध में जिला कलक्टर द्वारा पत्र दिनांक 13.01.2023, 14.01.2023 एवं 15.01.2023 (प्रदर्श–8) के द्वारा आवश्यक कार्यवाही हेतु गृह विभाग, वन विभाग एवं विक्रय अधिकारीगण आई.ओ.सी. एल./एच.पी.सी.एल./रिलांयस/बी.पी.सी.एल. को लिखा गया है।

13. जिला कलक्टर द्वारा वन विभाग एवं गृह विभाग को लिखे गये पत्रों के संबंध में शासन द्वारा दिनांक 17.01.2023 से भी संबंधित विभाग को लिखा गया तथा श्रीमान अतिरिक्त मुख्य सचिव की ओर से भी दिनांक 20.01.2023 को वन विभाग एवं गृह विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु लिखा गया है।

14. पुलिस एवं वन विभाग धौलपुर द्वारा अवैध चम्बल रेता खनन/परिवहन/भण्डारण के विरूद्ध धारा 29/51 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 व 379 ता0हि0 के तहत संयुक्त दल द्वारा की गई कार्यवाही विवरण वित्तीय वर्ष (18–19, 19–20, 20–21, 21–22 व 22–23) का निम्नानुसार है:–

अवधि	कुल दर्ज प्रकरणों की संख्या	न्यायालय में चालान	एफ.आर.	पुलिस स्तर पर पेडिंग
2018–19	157	149	6	2
2019–20	129	98	1	30
2020–21	93	14	0	79
2021–22	95	1	0	94
2022–23 (01.04.2022 से 31.12.2022 तक)	103	96	0	07
01.01.2023 से 20.01.2023	17	0	0	17
कुल	578	358	7	213

15. माननीय अधिकरण द्वारा प्रकरण में दिनांक 21.09.2022 द्वारा दिये गये आदेश के अनुसार उत्तर प्रदेश, राजस्थान तथा मध्यप्रदेश के खान विभाग एवं पर्यावरण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिवों द्वारा कमेटी की अनुशंषाओं के आधार पर की गई कार्यवाही की रिपोर्ट व सुझाव आगामी सुनवाई दिनांक 24.01.2023 को वी.सी. के माध्यम से माननीय अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की जानी है।

पुलिस द्वारा दिनांक 14.01.2023 से 20.01.2023 के दौरान की गई कार्यवाही

1. पुलिस विभाग द्वारा दिनांक 14.01.2023 को कार्डो एवं सर्च ऑपरेशन शुरू किया। जिसमें कोतवाली थाने के चम्बल नदी किनारे स्थित मौरोली गांव में करीब 6 ठिकानों पर छापेमारी की गई कार्यवाही में 21 बिना नम्बर की बाइक, 2 ट्रेक्टर–ट्रॉली जब्त की गई तथा 5 जनों को गिरफ्तार किये गये।

2. दिनांक 15.01.2023 को पुलिस विभाग द्वारा धौलपुर के बसई डांग थाना क्षेत्र में कार्यवाही की गई जिसमें पुलिस द्वारा अवैध चम्बल रेता से भरी तीन ट्रॉलियां पकड़ी गई तथा बिना नंबरी वाहनों में 1 कार, 16 बाइक व ऑटोरिक्शा की बरामदगी कर 5 संदिग्ध को हिरासत में लिया गया।

3. पुलिस द्वारा राष्ट्रीय चंबल घडियाल अभयारण्य के अंतर्गत आने वाले कैसरबाग अभयारण्य क्षेत्र में चांदपुर गांव के समीप पूर्व में दिनांक 11.09.2022 को वन विभाग द्वारा की गई की कार्यवाही दौरान खनन माफियाओं की टीम ने वन विभाग के अधिकारियो / कर्मचारियों पर किये हमले के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

4. पुलिस विभाग द्वारा जिले भर में दिनांक 17.01.2023 को बजरी के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्यवाही कर 5 ट्रेक्टर–ट्रोली जप्त कर 3 बजरी माफियाओं को गिरफ्तार किया गया एवं 22 चक्का ट्रक को सागरपाड़ा चौकी (मध्यप्रदेश–राज़स्थान बोर्डर) नाका बंदी तौडकर भागने पर ट्रक जप्त कर बजरी माफिया को गिरफ्तार किया गया।

5. दिनांक 18.01.2023 को पुलिस एवं संबंधितं विभाग द्वारा धौलपुर जिले में सख्ती करने से चम्बल नदी के किनारे होने वाले अवैध खनन को लगभग पूरी तरह से बन्द करवा दिया गया है।

6. दिनांक 19.01.2023 को पुलिस व वन विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुये अवैध चम्बल बजरी से भरी एक ट्रेक्टर–ट्रोली को पकड़ा गया जिसमें चालक मौके से भाग निकला मामलें में, पुलिस द्वारा मामला दर्ज किया गया।

अवैध खनन पर कार्रवाई के लिए संयुक्त टीम गठित करें: एसीएस

एसीएस बोले- अवैध खनन में लिप्त वाहनों को डीजल न देने के लिए पेट्रोल पंपों को पाबंद करें

भास्कर न्यूज | धौलपुर

अतिरिक्त मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अंतर्गत जिला कलेक्टर कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उन्होंने अवैध खनन को रोकने के लिए संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चेक पॉइंट बनाकर अवैध खनन को रोकने के लिए कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। अवैध खनन वाले क्षेत्रों में जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को लघु उद्योग लगाने के लिए प्रेरित करें ताकि उनका आर्थिक स्तर बेहतर हो सके और सम्मान पूर्वक जीवन यापन कर सकें। उन्होंने अवैध खनन कार्य में लिप्त लोगों की सम्पत्ति जब्त करने के निर्देश दिए। वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरे लगाकर अवैध खनन के संबंध में निगरानी करें, ड्रोन से सर्वे करवाएं तथा क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग करें। उन्होंने बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप संचालकों तथा ऑयल कंपनियों को पत्रा लिखकर अवैध खनन में लिप्त वाहनों को डीजल, पेट्रोल न देने के लिए पाबंद करें। उन्होंने एनजीटी के नियमानुसार सरकार को प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को चंबल में बाढ़ के दौरान फंसे वाटर पंप निकालकर उन्हें दुरूस्त करवाकर शहर में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में नल कनेक्शन के लिए खोदी गई सड़कों की पुनः मरम्मत करवाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर अनिल कुमार अग्रवाल, जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, उपवन संरक्षक किशोर गुप्ता, एमई मुकेश मंगल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

अवैध खनन के विरुद्ध संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें - सुबोध अग्रवाल

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने ली अधिकारियों की बैठक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर। अतिरिक्त मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अन्तर्गत जिला कलक्टर कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उन्होंने अवैध खनन को रोकने के लिए संयुक्त टीम गठित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चैक पॉइंट बनाकर अवैध खनन को रोकने के लिए कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। अवैध खनन वाले क्षेत्रों में जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को लघु उद्योग लगाने के लिए प्रेरित करें ताकि उनका आर्थिक स्तर बेहतर हो सके और सम्मान पूर्वक जीवन यापन कर सकें। उन्होंने अवैध खनन कार्य में लिप्त लोगों की सम्पत्ति जब्त करने के निर्देश दिए। वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरे लगाकर अवैध खनन के सम्बंध में निगरानी करें, ड्रॉन से सर्वे करवाएं तथा क्षेत्रा में लगातार पैट्रोलिंग करें। उन्होंने बिना नम्बर के ट्रेक्टर ट्रोलियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पैट्रोल पंप संचालकों तथा ऑयल कम्पनियों को पत्रा लिखकर अवैध खनन में लिप्त वाहनों को डीजल, पैट्रोल न देने के लिए पाबंद करें। उन्होंने एनजीटी के नियमानुसार सरकार को प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को चंबल में बाढ़ के दौरान फसे हुए वाटर पंप निकालकर उन्हें दुरूस्त करवाकर शहर में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में नल कनेक्शन के लिए खोदी गई सड़कों की पुनः मरम्मत करवाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला कलक्टर अनिल कुमार अग्रवाल, जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, उपवन संरक्षक किशोर गुप्ता, एमई मुकेश मंगल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

» धौलपुर... जिला अधिकारियों की बैठक लेते अतिरिक्त मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल

दैनिक भास्कर

धौलपुर 14-01-2023

अवैध खनन पर कार्रवाई के लिए संयुक्त टीम गठित करें: एसीएस

एसीएस बोले- अवैध खनन में लिप्त वाहनों को डीजल न देने के लिए पेट्रोल पंपों को पाबंद करें

भास्कर न्यूज | धौलपुर

अतिरिक्त मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अंतर्गत जिला कलेक्टर कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उन्होंने अवैध खनन को रोकने के लिए संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चेक पॉइंट बनाकर अवैध खनन को रोकने के लिए कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। अवैध खनन वाले क्षेत्रों में जागरूकता शिविर लगाकर लोगों को लघु उद्योग लगाने के लिए प्रेरित करें ताकि उनका आर्थिक

स्तर बेहतर हो सके और सम्मान पूर्वक जीवन यापन कर सकें। उन्होंने अवैध खनन कार्य में लिप्त लोगों की सम्पत्ति जब्त करने के निर्देश दिए। वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरे लगाकर अवैध खनन के संबंध में निगरानी करें, ड्रोन से सर्वे करवाएं तथा क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग करें। उन्होंने बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप संचालकों तथा ऑयल कंपनियों को पत्र लिखकर अवैध खनन में लिप्त वाहनों को डीजल, पेट्रोल न देने के लिए पाबंद करें। उन्होंने एनजीटी के नियमानुसार सरकार को प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को चंबल में बाढ़ के दौरान फंसे वाटर पंप निकालकर उन्हें दुरूस्त करवाकर शहर में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में नल कनेक्शन के लिए खोदी गई सड़कों की पुनः मरम्मत करवाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर अनिल कुमार अग्रवाल, जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, उपवन संरक्षक किशोर गुप्ता, एमई मुकेश मंगल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बदमाश एवं बजरी माफियाओं के ठिकानों पर 10 थानों की टीम ने मारा छापा

माफिया और बदमाशों में मचा हड़कंप, ट्रैक्टर, बाइक और तीन आरोपी दबोचे

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में अवैध हथियार, रेता बजरी, अवैध शराब, अवैध खनन व वाहन चोरों ईनामी वांचित अपराधियों के विरुद्ध धरपकड़ सघन तलाशी अभियान के अन्तर्गत एडिशनल एसपी बचन सिंह मीणा, सीओ सिटी सुरेश सांखला के नेतृत्व में शनिवार सुबह 10 पुलिस थानों की टीम एवं आरएसी के जाप्ता ने कोतवाली थाना क्षेत्र के अलग अलग स्थानों व गांव मौरोली का पुरा में बजरी माफिया और बदमाशों के संबंधित ठिकानों पर दबिश की कार्रवाई को अंजाम दिया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 2 ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त कर 21 बाइक समेत तीन बदमाशों को भी दस्तयाब किया है।

» धौलपुर... रेत माफियाओं व बदमाशों पर कार्रवाई करती पुलिस की टीम

» धौलपुर... रेत माफियाओं व बदमाशों की तलाश में छापेमारी कार्रवाई करती पुलिस

एडिशनल एसपी बचन सिंह मीणा ने बताया पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश में बजरी, बंदूक, बागी एवं बदमाशों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया शनिवार सुबह करीब 10 पुलिस थानों की टीम के साथ आरएसी जाप्ते को साथ लेकर कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव मोरोली का पुरा में बदमाश और बजरी माफियाओं के ठिकानों पर दबिश की कार्रवाई को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कार्रवाई के दौरान पुलिस ने बाइक, ट्रैक्टर एवं तीन बदमाशों को दस्तयाब किया है। उन्होंने बताया अचानक की गई कार्रवाई से बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया। अधिकांश बजरी माफिया पुलिस की रेड को देख फरार हो गए। जिन्हें पुलिस द्वारा चिन्हित कर लिया गया है। एडिशनल एसपी ने बताया बदमाश और माफियाओं के खिलाफ पुलिस का धरपकड़ अभियान लगातार जारी रहेगा। जब्तसुधा वाहन एवं राउंडअप किए गए बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई के दौरान कोतवाली थाना अधिकारी अनिल जसौरिया, निहालगंज थाना अधिकारी विजय सिंह, सदर थाना अधिकारी हनुमान सहाय, मनियां थाना अधिकारी लाखन सिंह, कौलारी थाना अधिकारी वीरेन्द्र कुमार, सरमथुरा थाना अधिकारी देवेन्द्र शर्मा, बाड़ी सदर अधिकारी हीरा लाल मीणा, महिला थाना अधिकारी मंजू फौजदार, इसके अलावा पुलिस

धौलपुर भास्कर

बाड़ी • बसेड़ी • सैपऊ | सरमथुरा • मनिया • बसई नवाब

dainikbhaskar.com

जिले में कोडन एंड सर्च ऑपरेशन • वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस मुस्तैद, शहर में हड़कंप

अपराधियों के 6 ठिकानों पर छापे, 2 ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना नंबर की 21 बाइकों के साथ पांच जने पकड़े

भास्कर न्यूज | धौलपुर

शहर में पुलिस ने आदतन अपराधियों, स्थायी वारंटी और वांछित अपराधियों को पकड़ने के लिए शनिवार को कोडन एंड सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। इस ऑपरेशन में शहर के समीपवर्ती कोतवाली थाने में करीब 6 से ज्यादा ठिकानों पर एक साथ छापामार कार्रवाई की। ऑपरेशन अलसुबह शुरू होकर दोपहर 11 बजे तक चला। पुलिस को देखते ही माफिया बिना नंबर की बाइकों को छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने बिना नंबर की 21 बाइकों के साथ पांच जनों को दबोचा है और दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गई। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस की ओर से जिले के आदतन अपराधियों, स्थायी वारंटी और वांछित अपराधियों की सूची तैयार की गई है। इसके तहत चिह्नितों को पकड़ने के लिए कोडन एंड सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। ऑपरेशन के तहत जिले के सभी थानों की टीमों को पुलिस लाइन बुलाकर अल सुबह कोतवाली थाने के चंबल किनारे स्थित मौरोली गांव में दबिश दी गई। पुलिस की दबिश देखते ही माफिया बिना नंबर की बाइक छोड़कर फरार हो गए। मौरोली गांव में सघन सर्चिंग करने के बाद पुलिस ने आगरा मुंबई हाईवे स्थित गुर्जर कॉलोनी में छापामार कार्रवाई कर बिना नंबर की 21 बाइकों के साथ पांच जनों को दबोचा गया। ऑपरेशन में दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गई। एसपी सिंह ने बताया कि कोतवाली थाने के गांव मौरोली में हार्ड कोर एक, आदतन अपराधी नौ, स्थायी वारंटी 27, सक्रिय वांछित अपराधी चार, फरार वांछित अपराधियों की संख्या तीन है।

बजरी माफियाओं पर शिकंजा कसने के लिए सुबह से की कार्रवाई

शहर में कार्रवाई के दौरान खड़ी पुलिस और अपराधी को पकड़ने के लिए गांव में जाती पुलिस।

बीहड़ में गांव, अपराधियों को छिपने के लिए मिलता है उपयुक्त स्थान

एसपी सिंह ने कोतवाली थाने का गांव मौरोली की भागौलिक परिस्थितियां अपराधियों के अनुकूल है। चंबल के तटवर्ती होने के कारण यहां छुपने वाले अपराधी चंबल के रास्ते मध्य प्रदेश की सीमा में प्रवेश कर जाते है। इसके अलावा गांव में बीहड़ व जंगल क्षेत्र के होने के कारण यहां अपराधियों के माकूल स्थान भी उपलब्ध है। ऐसे में अगर यहां पुलिस पहुंचती है, तो उसे परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पुलिस के गांव में प्रवेश करने से पहले ही अपराधियों को इसकी भनक लग जाती है और वे मौका पाकर यहां से फरार हो जाते है। इस के चलते गांव को सभी ओर से घेर कर अपराधियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया गया है।

बजरी के अवैध व्यापार का केंद्र है मौरोली

पुलिस सूत्रों ने बताया कि गांव मौरोली बजरी के अवैध परिवहन का मुख्य केन्द्र है। शहर के समीपवर्ती होने के कारण स्थानीय कई लोग भी बजरी के अवैध परिवहन में लिप्त है। पूर्व में भी पुलिस ने बजरी के अवैध परिवहन के मामले में गांव मौरोली से कई जनों को गिरफ्तार भी किया है। अमूमन बजरी माफिया बिना नंबर की बाइक से पुलिस की रेकी करते हैं। बिना नंबर की बाइक से पुलिस की लोकेशन का पता लगाया जाता है और बजरी से भरे वाहनों को निकाला जाता है, जिससे बजरी माफिया को पहचानने में चुनौती का सामना करना पड़ता है।

सात थानों समेत आरएसी और पुलिस लाइन के जाप्ते ने दी शहर व आसपास के इलाकों में दबिश

कार्रवाई अपार: समय @ सुबह के चार, अपराधियों पर पुलिस का वार

धौलपुर.बजरी परिवहन में लिप्त ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त करती पुलिस।

धौलपुर. राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के पास बसी कॉलोनियों में दबिश देती पुलिस टीम। पत्रिका

पत्रिका स्पॉटलाइट

वांछित व संदिग्ध अपराधियों पर जिला पुलिस की बड़ी कार्रवाई

बड़ी संख्या में बाइक व ट्रेक्टर-ट्रॉली जब्त, कई हिरासत में

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

धौलपुर. वांछित व संदिग्ध अपराधियों, भगोड़ों, वारंटियों और सक्रिय बदमाशों के खिलाफ शहर व आसपास के इलाकों में जिला पुलिस की ओर से कार्रवाई की गई।

कार्रवाई में जिले के सात थानों और आरएसी व पुलिस लाइन के जाप्ता मौजूद रहा। पुलिस की ओर से शनिवार को सुबह चार बजे से कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बच्चन सिंह मीणा के नेतृत्व में करीब ढाई सौ पुलिसकर्मियों ने समीप के गांव मौराली, आसपास के मजरा, जाहिद होटल के पास, सौ फीट रोड और गुर्जर कॉलोनी में कार्रवाई की। सुबह सूरज उगने से पहले ही पुलिस अपराधियों की तलाश में गांवों और कॉलोनियों में घुस गई। पुलिस ने कई घरों से बड़ी संख्या में संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

यह किया जब्त

शनिवार सुबह की कार्रवाई में पुलिस ने विभिन्न स्थानों से करीब दो दर्जन बाइक, दो ट्रेक्टर-ट्रॉली बरामद की है। पुलिस ने बिना नंबरी वाहनों और रेता के अवैध परिवहन में शामिल वाहनों को निशाना बनाते हुए कार्रवाई की।

कार्रवाई जारी

शनिवार को सुबह चार बजे से शुरू हुई कार्रवाई सुबह करीब दस बजे तक चली। इसके बाद शाम को एकबार फिर वाहनों की चैकिंग और नाकाबंदी शुरू की गई। समाचार लिखे जाने तक कार्रवाई जारी थी।

यह थाने हुए शामिल

कार्रवाई के दौरान सीओ सिटी सुरेश सांखला, कोतवाली थाना प्रभारी अनिल जासोरिया, निहालगंज थाना प्रभारी विजय सिंह, सदर थाना प्रभारी हनुमान सहाय, मनियां थाना प्रभारी लाखन सिंह, कौलारी थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह, सरमथुरा थाना प्रभारी देवेन्द्र शर्मा, बाड़ी सदर थाना प्रभारी हीरालाल मीना, महिला थाना प्रभारी मंजू फौजदार, थानों, पुलिस लाइन व आरएसी का जाप्ता मौजूद रहा।

बजरी का स्टॉक भी पकड़ा

इस मौके पर पुलिस ने सौ फीट रोड और गुर्जर कॉलोनी में कई स्थानों पर बजरी का अवैध स्टॉक भी पकड़ा गया। इस दौरान लोगों के प्लॉट पर अवैध कब्जा कर बैठे लोगों को भी भगाया गया।

धौलपुर. दबिश की कार्रवाई के लिए खड़ा पुलिस अमला।

मच गई भगदड़

पुलिस की कार्रवाई से लोगों में भगदड़ सी मच गई। कार्रवाई के दौरान कई लोग भागते नजर आए। वहीं, कई लोग बिना नंबर की बाइक पटकर कर भाग गए। कुछ को पुलिस ने पीछा कर पकड़ा भी। वहीं, कई संदिग्धों को भी हिरासत में लिया गया है।

इनका कहना है

जिला पुलिस की ओर से कार्रवाई की गई है। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

धर्मेन्द्र सिंह,
पुलिस अधीक्षक, धौलपुर

धौलपुर. कार्रवाई के दौरान संदिग्धों को हिरासत में लेते पुलिसकर्मी।

चार बस और करीब 30 चौपहिया वाहन में पुलिस

शनिवार की कार्रवाई के दौरान चार बस और करीब 30 चौपहिया वाहनों में पुलिस शामिल हुई। इसके साथ ही कई बाइक पर भी पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पूरी कार्रवाई में करीब 250 पुलिसकर्मी शामिल हुए।

पुलिस की बड़ी कार्रवाई में 5 गिरफ्तार 16 मोटरसाइकिल व स्कॉर्पियो जब्त

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर। धर्मेन्द्र सिंह पुलिस अधीक्षक धौलपुर के निर्देशन में अवैध हथियार, चंबल रेता, अवैध शराब, अवैध खनन व वाहन चोरों, ईनामी व वांछित अपराधियों के विरुद्ध धरपकड व सघन तलाशी अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक धौलपुर निर्देशन में व बचन सिंह अति. पुलिस अधीक्षक धौलपुर एवं सीओ बाड़ी, सीओ सिटी धोलपुर, थानाधिकारी निहालगंज, कोलारी, सरमथुरा, बाडी, बाड़ी सदर महिला थाना सदर धोलपुर, कोतवाली चौलपुपर बसईडांग मय जाब्ता पुलिस लाईन का जाब्ता आरएसी कंपनी का जाब्ता एवं जाब्ता यातायात धौलपुर के साथ ईलाका थाना बसईडांग क्षेत्र में ग्राम चिलीपुरा, ज्वारे का पुरा, मुरहन का पुरा, गोठियापुरा, जोगियापुरा, भगतपुरा, रजई, पटेवरी में वांछित अपराधियों व बदमाशान, स्थाई वारंटियों फरार अपराधियों की तलाश हेतु सर्च अभियान व संदिग्ध वाहनों की चैकिंग की कार्यवाही करते हुये कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ हेतु हिरासत में लिया गया एवं 16 मोटरसाईकिलें व 01 ऑटोरिक्शा एवं 01 स्कॉर्पियों को जब्त किये गये है। इस प्रकार की कार्यवाही हेतु सघन अभियान तलाशी व वाहन चैकिंग जारी रहेगा।

» धौलपुर... रेत माफियाओं व बदमाशों पर कार्रवाई करने पहुंची पुलिस की टीम

वारंटियों और फरार अपराधियों को धरपकड़ अभियान जारी, बसईडांग क्षेत्र में की कार्रवाई

16 बाइक, स्कॉर्पियो और ऑटो जब्त, 5 संदिग्ध पकड़े

धौलपुर | पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में वांछित एवं अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत रविवार को विभिन्न थानों के जाब्ता एवं पुलिस लाइन से अतिरिक्त जाब्ता के साथ रविवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बचन सिंह मीणा के नेतृत्व में बसईडांग थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर अपराधियों व संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। वहीं वांछित अपराधियों के ठिकानों से 16 बाइकें एवं एक ऑटो रिक्शा व एक स्कॉर्पियो को जब्त किया है। एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि जिलेभर में अवैध हथियार, चंबल रेता, अवैध शराब, अवैध खनन व वाहन चोरों, इनामी व वांछित अपराधियों के खिलाफ धरपकड़ व सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को थाना बसईडांग क्षेत्र में ग्राम चिलीपुरा, ज्वारे का पुरा, मुरहन का पुरा, गोठियापुरा, जोगियापुरा, भगतपुरा, रजई, पटेवरी में वांछित अपराधियों व बदमाशान, स्थाई वारंटियों, फरार अपराधियों की तलाश के लिए सर्च अभियान व संदिग्ध वाहनों की चैकिंग की कार्रवाई करते हुए कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। वहीं 16 बाइकें व 1 ऑटोरिक्शा एवं 1 स्कॉर्पियों को जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई के लिए सघन अभियान जारी रहेगा।

बसईडांग में वारंटियों और फरार अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस का काफिला।

एक स्कॉर्पियो कार व 16 बाइक जब्त, पांच संदिग्ध हिरासत में

अब डांग के इलाकों में अपराधियों पर शिकंजा

रविवार को भी जारी रहा जिला पुलिस का अभियान

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

धौलपुर. अपराधियों के खिलाफ जिले में शुरू किया गया अभियान रविवार को भी जारी रहा। रविवार को जिला पुलिस ने बसई डांग क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ और बिना नंबरी वाहनों की बरामदगी की। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में शुरू किए इस अभियान का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बच्चन सिंह मीणा ने किया। इस दौरान पुलिस ने चिलीपुरा, ज्वारेकापुरा, मुरहनकापुरा, गोठियापुरा, जोगियापुरा, भगतपुरा, रजई और पटेवरी गांवों में दबिश दी। इस दौरान विभिन्न थानों, पुलिस लाइन व आरएसी का जाप्ता मौजूद रहा।

धौलपुर. बसई डांग थाना इलाके के गांवों में दबिश देने जाती पुलिस।

धौलपुर. दबिश के दौरान रेता से भरी ट्रॉलियों को निष्क्रिय करती पुलिस।

यह किया जब्त

रविवार को की गई कार्रवाई में पुलिस ने विभिन्न स्थानों से 16 बाइक, एक स्कॉर्पियो कार व एक ऑटोरिक्शा बरामद किया। पुलिस को एक स्थान पर अवैध चंबल रेता से भरी तीन ट्रॉलियां भी मिलीं। पुलिस ने ट्रॉलियों के प्रशर पाइप काट दिए और टायरों से हवा निकाल दी।

यह थाने हुए शामिल

कार्रवाई के दौरान बसई डांग थाना प्रभारी मोहन सिंह, कोतवाली थाना प्रभारी अनिल जासोरिया, निहालगंज थाना प्रभारी विजय सिंह, सदर थाना प्रभारी हनुमान सहाय, कौलारी थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह, सरमथुरा थाना प्रभारी देवेन्द्र शर्मा, महिला थाना प्रभारी मंजू फौजदार, बाड़ी थाना से महेन्द्र सिंह, यातायात प्रभारी मंगतूराम, बाड़ी सदर थाना व थानों, पुलिस लाइन व आरएसी का जाप्ता मौजूद रहा।

नवंबर, 2023

धौलपुर पत्रिका

patrika.com

बाड़ी . बसेड़ी . राजाखेड़ा . मनियां . सरमथुरा . सैंपऊ . बसई नवाब

सड़क सुरक्षा सप्ताह समाप्त, जागरुकता...

पेज@16

आपके साथ चलेंगी खबरें

पत्रिका डिजिटल पर अपनी खबर का व्यापक कवरेज, वीडियो व फोटो देखने और अपनी राय रखने के लिए संबंधित लोगो के साथ दिए लिंक को मोबाइल पर टाइप करें_

यहां आपकी या आपके क्षेत्र की खबर से जुड़ा वीडियो अपने मोबाइल फोन पर देख सकते हैं।

इस लिंक की मदद से देखें घटना-कार्यक्रम से जुड़ी अन्य तस्वीरें।

यहां मिलेगी खबर से जुड़ी विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तृत और एक्सक्लुसिव जानकारी।

अपने शहर, प्रदेश और देश-दुनिया के मुद्दे से जुड़े ऑनलाइन सर्वे में शामिल होकर दें अपनी राय।

आप संबंधित मुद्दे-खबर पर अपने विचार कमेंट बॉक्स में बता सकते हैं।

पत्रिका

पत्रिका टीवी पर देखें पल पल की खबरों के अपडेट और व्यापक कवरेज। पत्रिका के यूट्यूब चैनल पर देखें खबरों के ताजा वीडियो।

चार बजरी माफिया गिरफ्तार, रेता ले जाते पांच ट्रेक्टर-ट्रॉली व एक ट्रक जब्त

जिलेभर में रेता के के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

धौलपुर/ बाड़ी/ राजाखेड़ा/ सरमथुरा. जिले में मंगलवार को चंबल रेता के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की गई।

विभिन्न थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन बजरी माफिया को गिरफ्तार किया। कार्रवाई में पांच ट्रेक्टर-ट्रॉली व एक 22 चक्का ट्रक भी जब्त किया गया। कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सागरपाड़ा से नाकाबंदी तोड़ कर भाग रहे एक 22 चक्का ट्रक को जब्त कर एक बजरी माफिया को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अनिल जसोरिया ने बताया कि मंगलवार तडक़े सागरपाड़ा पर नाकाबंदी के दौरान एक 22 चक्का टक आता दिखा। जिसे रुकने का इशारा किया तो वह नाकाबंदी तोड़ कर शहर की ओर भागने लगा। इस पर पुलिस ने पीछा कर उसे रोक लिया। तलाशी में ट्रक में प्रतिबंधित चंबल रेता मिला। इस पर पुलिस ने ट्रक चालक हरकंदकापुरा थाना दिहौली निवासी श्रीकृष्ण गुर्जर (27) को गिरफ्तार कर लिया।

बाड़ी सदर थाना पुलिस ने प्रतिबंधित चंबल रेता ले जाती एक टेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। थाना प्रभारी हीरालाल ने बताया कि रेता से भरी एक टेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। पुलिस कार्रवाई के दौरान चालक फरार हो गया।

राजाखेड़ा थाना पुलिस ने प्रतिबंधित चंबल रेता का परिवहन करती एक टेक्टर ट्रॉली को जब्त कर दो बजरी माफिया को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी गंगासहाय ने बताया कि सुबह गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बसईधीयाराम की ओर से एक ट्रेक्टर रेता लेकर राजाखेड़ा की ओर आ रहा है। इस पर पुलिस ने कस्बे के पास बसई धीयाराम रोड पर एक बिना नंबरी ट्रेक्टर को रेता का परिवहन करते जब्त किया। इस मामले में पुलिस ने दो रेता माफिया गोरखे की मढैया मजरा सिंघापुरा निवासी राजकुमार निषाद (40) तथा सैया करकोली आगरा निवासी तुलाराम निषाद (28) को गिरफ्तार किया है। वहीं, दिहौली थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार देर रात कार्रवाई कर रेता से भरे एक टेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। वहीं, बजरी माफिया फरार हो गया। थाना प्रभारी बीधाराम ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अंडवापुरैनी-चीलपुरा रोड पर मोरबसैया के पास रेता से भरा एक टेक्टर आता दिखा। पुलिस को देख चालक बीहड़ों में फरार हो गया। पुलिस ने ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया।

सरमथुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई कर रेता का अवैध परिवहन करते एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। बजरी माफिया भागने में सफल रहा। थाना प्रभारी देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सोनेकागुर्जा रोड पर मानपुर मोड़ के पास एक बिना नंबरी ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान बजरी माफिया फरार हो गया।

धौलपुर. कोतवाली थाना पुलिस की गिरफ्त में बजरी माफिया।

एक ट्रेक्टर-ट्रॉली जब्त

सदर थाना पुलिस ने प्रतिबंधित चंबल रेता से भरे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त कर एक बजरी माफिया को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी हनुमान सहाय ने बताया कि नेशनल हाइवे 44 पर सदर थाना चौराहा पर रेता से भरे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त कर भिर्जापुर निवासी संतोष कुमार गुर्जर (42) को गिरफ्तार किया है।

बजरी का अवैध परिवहन रोकने के लिए एमपी बॉर्डर पर बढ़ी पुलिस की सख्ती

धौलपुर | सुप्रीम कोर्ट से प्रतिबंधित चंबल बजरी की रोकथाम के लिए जिला पुलिस ने सख्ती कर दी है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में शुरू किया गया अभियान बुधवार को भी जारी रहा। इस क्रम में मध्य प्रदेश बॉर्डर पर भी अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया है। घड़ियाल अभ्यारण्य क्षेत्र होने की वजह से सुप्रीम कोर्ट से प्रतिबंधित बजरी की तस्करी रोकने के लिए सागरपाड़ा चौकी पर बुधवार सुबह से ही पुलिस बल तैनात किया गया है। एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि बजरी को रोकने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। धौलपुर जिले में चंबल नदी के किनारे होने वाले अवैध खनन को लगभग पूरी तरह से बंद करा दिया गया है, जिसके चलते बजरी माफिया मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में चंबल किनारे से लगातार बजरी की निकासी कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में चंबल से बजरी निकालने के बाद माफिया पुलिस से नजर बचाकर आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे 44 पर होकर आगरा की ओर निकलते हैं, जिसे रोकने के लिए मध्य प्रदेश की सीमा स्थित पुलिस की सागरपाड़ा चैक पोस्ट पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया है। एसपी ने बताया कि हाईवे से होकर गुजरने वाले सभी वाहनों पर नजर रखी जा रही है। हाल ही में पुलिस ने बजरी से भरा एक ट्रक जब्त किया है।

सरमथुरा में अवैध चंबल रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

सरमथुरा | थाना क्षेत्र में अवैध चंबल बजरी के धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस थाना एवं वन विभाग की टीम सरमथुरा ने गुरुवार को संयुक्त रूप से मुखबिर की सूचना पर अवैध चंबल बजरी परिवहन कर ले जाते एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मामले को लेकर पुलिस द्वारा वन्यजीव अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। सरमथुरा थानाधिकारी देवेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस थाना सरमथुरा और वन विभाग टीम की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए झिरी रोड भमपुरा मोड़ के पास एक युवक को फार्मट्रेक बिना नंबरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पर अवैध बजरी ले जाते हुए पकड़ा हैं। आरोपी ट्रैक्टर चालक भोलाराम मीणा

सरमथुरा. अवैध चंबल रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और चालक।

(28) पुत्र सियाराम मीणा निवासी गांव बसंतपुरा थाना सरमथुरा का निवासी है। ऐसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके से जब्त कर और आरोपी के खिलाफ फॉरेस्ट एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की कार्रवाई के बाद अवैध चंबल बजरी कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने बताया की अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ आगे भी पुलिस और वन विभाग का अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस की इस कार्रवाई में एसएचओ देवेंद्र कुमार के साथ कांस्टेबल विनोद कुमार, कांस्टेबल शिवचरण, गोपाल सिंह सहित वन विभाग की टीम मौजूद रहीं।

बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, चालक फरार

बसई नवाब | कौलारी थाना पुलिस और वन विभाग की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध चंबल बजरी दोहन के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इस दौरान चंबल बजरी का परिवहन कर ले जा रहे एक ट्रैक्टर को बजरी से भरी ट्रॉली सहित जब्त किया। कौलारी थाना अधिकारी वीरेंद्र सिंह मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि चंबल बजरी से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा है। इस दौरान ट्रैक्टर चालक मौके से भाग गया। कौलारी थाना पुलिस ने फॉरेस्ट एक्ट में मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है। साथ ही ट्रैक्टर चालक को चिह्नित कर तलाश करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

चंबल बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी, चालक फरार

सैंपऊ. पुलिस ने जब्त की ट्रेक्टर ट्रॉली।

पुलिस व वन विभाग की संयुक्त कार्रवाई

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

सैंपऊ. कौलारी थाना पुलिस और वन विभाग ने संयुक्त रूप से अवैध चंबल बजरी के खिलाफ कार्रवाई की बजरी से भरे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। जबकि चालक मौके से भाग निकला। थाना अधिकारी वीरेद्र सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में अवैध बजरी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। थाना पुलिस ने वन विभाग के साथ कार्रवाई कर चंबल बजरी से भरी एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को पकड़ा हैं। जबकि आरोपी चालक मौके से भाग निकला। मामले में पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

नाकाबंदी कर रहे पुलिसकर्मियों पर माफिया ने ट्रैक्टर चढ़ाया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

धौलपुर। बजरी माफिया को रोकने के लिए पुलिस की नाकाबंदी लगातार चल रही है। रविवार शाम को सदर थाना क्षेत्र के पचगांव चौकी पर नाकाबंदी कर रहे पुलिसकर्मियों पर बजरी खाली कर लौट रहे माफिया ने ट्रैक्टर चढा दिया। ट्रैक्टर को अपनी ओर आता देख पुलिसकर्मियों ने भागकर जान बचाई। इस दौरान माफिया ने ट्रैक्टर चौकी की दीवार में घुसा गया। मौके पर नाकाबंदी कर रहे चौकी प्रभारी जानकी नंदन मीणा ने बताया कि चंबल बजरी माफियाओं की रोकथाम के लिए लगातार नाकाबंदी की जा रही है। रविवार शाम को भरतपुर की ओर से बजरी खाली कर लौट रहे एक ट्रैक्टर को जब पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो ट्रैक्टर चला रहे माफिया ने नाकाबंदी कर रहे पुलिसकर्मियों को जान से मारने की नियत से उन पर ट्रैक्टर चढा दिया। ट्रैक्टर को अपनी ओर आता देख पुलिसकर्मी इधर-उधर कूदकर बचने के लिए लेकिन ट्रैक्टर चौकी की दीवार में जा घुसा। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर की दीवार में लगते ही उस पर बैठा माफिया भाग निकला। इस दौरान नाकाबंदी कर रहे पुलिसकर्मियों ने भागकर माफिया को दबोच लिया। जिसने पूछताछ में अपना नाम अभिषेक (24) पुत्र केबरन निवासी कुंकरा बताय चौकी प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने मौके से ट्रैक्ट को जब्त कर आरोपी को हिरासत में लिया है। जिस पूछताछ की जा रही है।



टी,नगर परिषद ऑफिस के निकट,मचकुण्ड रोड,धौलपुर(राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/27740 संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे।
4444, 224666, 224777 फैक्स: 223324 पीआरबी एक्ट के तह खबरों के चयन के लिए स्थानीय संपादक जिम्मेवार

अनियंत्रित हो तोड़ दी दीवार

बजरी के ट्रेक्टर-ट्रॉली ने मारी पुलिस चौकी को टक्कर

धौलपुर. पुलिस की गिरफ्त में बजरी माफिया।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

धौलपुर. पुलिस से बच कर भाग रही बजरी के अवैध परिवहन में जुटी एक ट्रेक्टर-ट्रॉली ने पचगांव चौकी की दीवार को टक्कर मार दी। टक्कर से दीवार क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने बजरी माफिया को गिरफ्तार कर ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया है।

पचगांव चौकी प्रभारी जानकीनन्दन मीणा ने बताया कि रविवार दोपहर को वे एनएच 123 के बाइपास से पचगांव चौकी की ओर आ रहे थे। बाइपास के पास रास्ते में उन्हें एक अवैध चंबल रेता से भरी ट्रेक्टर-ट्रॉली दिखी। पुलिस को देख ट्रेक्टर चालक कूकरा-माकरा निवासी अभिषेक ने ट्रेक्टर वापस पचगांव चौकी की ओर भगा दिया। इस दौरान चालक ने ट्रॉली

धौलपुर. पचगांव चौकी की दीवार से टकराया बजरी माफिया का ट्रेक्टर।

खाली कर दी। मीणा ने पचगांव चौकी पर नाकाबंदी करा दी। वहां पुलिस को देख ट्रेक्टर चालक ने तेज गति से ट्रेक्टर को वापस घुमाया। इस पर वह अनियंत्रित होकर चौकी की दीवार से जा भिड़ा। इससे दीवार क्षतिग्रस्त हो गई। चालक ट्रेक्टर छोड़ कर पैदल ही खेतों में भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

प्रदर्श - 1

Item No. 05 (Court No. 1) 285

BEFORE THE NATIONAL GREEN TRIBUNAL
PRINCIPAL BENCH, NEW DELHI

(By Video Conferencing)

Original Application No. 248/2022

In re: News item published in The Hindu dated 27.03.2022 titled **"Digging up the Chambal"**

Date of hearing: 05.04.2022

CORAM: HON'BLE MR. JUSTICE ADARSH KUMAR GOEL, CHAIRPERSON
HON'BLE MR. JUSTICE SUDHIR AGARWAL, JUDICIAL MEMBER
HON'BLE MS. JUSTICE PUSHPA SATHYANARAYANA, JUDICIAL MEMBER
HON'BLE PROF. A. SENTHIL VEL, EXPERT MEMBER

ORDER

1. The matter has been taken up on the basis of captioned media report to the effect that illegal mining is taking place in the periphery of Keoladeo National Park in Rajasthan near Dholpur. The area is also close to National Chambal Sanctuary which is habitat of rare species of animals particularly Gharial, roofed turtles and also river dolphins. Illegal and unscientific mining is resulting in pollution in the area, adversely affecting the environment and public health. Blanket clearances are given for mining projects in violation of Sustainable Sand Mining Guidelines, 2016 and 2020.

2. It is well known that mining can be allowed only after requisite EC in terms of directions of the Hon'ble Supreme Court in *Deepak Kumar v. State of Haryana & Ors., (2012) 4 SCC 629* for which District Survey Report and Replenishment study have to be prepared and appraisal conducted.

3. In view of above averments, we constitute an Eight Member Joint Committee comprising DGF&SS, Wildlife, MoEF&CC; Director, National Chambal Sanctuary; Secretaries Mining, Rajasthan, UP and M.P. and UP, MP and Rajasthan State PCBs. Madhya Pradesh State PCB will be the nodal agency for coordination and compliance. The Committee may meet within two weeks, undertake visit to the site, interact with the stakeholders and prepare an action plan for remedial action for protecting aquatic habitats, demarcating and notifying areas for sand mining operations in conformity with ESMG 2016 and SSMG 2020, replenishment potential without conflicting with the national parks/ sanctuaries or any ecological habitat area, whether notified or not. The statutory authorities may take further remedial action in light to the said action plan, as per law. A factual and action taken report may be filed before this Tribunal within two months by e-mail at judicial-ngt@gov.in preferably in the form of searchable PDF/ OCR Support PDF and not in the form of Image PDF.

List for further consideration on 06.07.2022.

A copy of this order along with the media report may be forwarded to DGF&SS, Wildlife, MoEF&CC; Director, National Chambal Sanctuary; Secretary Mining, Rajasthan, UP and M.P. and UP, MP and Rajasthan State PCB by e-mail for compliance.

Adarsh Kumar Goel, CP

Sudhir Agarwal, JM

Pushpa Sathyanarayana, JM

Prof. A. Senthil Vel, EM.

April 05, 2022
Original Application No. 248/2022
SN

Item No. 02 Court No. 1

BEFORE T L GREEN TRIBUNAL
PRINCIPAL BENCH, NEW DELHI

(By Video Conferencing)

Original Application No. 248/2022

In re: News item published in The Hindu dated 27.03.2022 titled **"Digging up the Chambal"**

Date of hearing: 21.09.2022

CORAM: **HON'BLE MR. JUSTICE ADARSH KUMAR GOEL, CHAIRPERSON**
HON'BLE MR. JUSTICE SUDHIR AGARWAL, JUDICIAL MEMBER
HON'BLE PROF. A. SENTHIL VEL, EXPERT MEMBER

Respondent(s): Mr. Raghav Sharma, Advocate for MPPCB

ORDER

1. The matter has been taken up on the basis of captioned media report to the effect that illegal mining is taking place in the periphery of Keoladeo National Park in Rajasthan near Dholpur. The area is also close to National Chambal Sanctuary which is habitat of rare species of animals particularly Gharial, roofed turtles and also river dolphins. Illegal and unscientific mining is resulting in pollution in the area, adversely affecting the environment and public health. Blanket clearances are given for mining projects in violation of Sustainable Sand Mining Guidelines, 2016 and 2020.

2. It is well known that mining can be allowed only after requisite EC in terms of directions of the Hon'ble Supreme Court in *Deepak Kumar v. State of Haryana & Ors., (2012) 4 SCC 629* for which District Survey Report and Replenishment study have to be prepared and appraisal conducted.

Scanned with CamScanner

Gb

3. Vide order dated 05.04.2022, the Tribunal constituted Eight Member Joint Committee comprising DGF&SS, Wildlife, MoEF&CC; Director, National Chambal Sanctuary; Secretaries Mining, Rajasthan, UP and M.P. and UP, MP and Rajasthan State PCBs. The Committee was to prepare an action plan for remedial action for protecting aquatic habitats, demarcating and notifying areas for sand mining operations in conformity with ESMG 2016 and SSMG 2020, replenishment potential without conflicting with the national parks/ sanctuaries or any ecological habitat area, whether notified or not.

